## भाग – 1

## सामान्य हिन्दी

**(Max. Marks : 100)**

1. (*i*) दो समान मूल स्वरों के मिलने से बनने वाले स्वर को क्या कहते हैं ? [1×4]

   (*ii*) संयुक्त स्वर 'औ' किन दो स्वरों से निर्मित है ? विच्छेद करके लिखिए ।

   (*iii*) 'ल' अन्तस्थ व्यंजन है अथवा उष्म ?

   (*iv*) 'ऐ' ध्वनि का उच्चारण स्थान लिखिए ।

2. (*i*) निम्नलिखित वाक्य के रेखांकित अंश में प्रयुक्त कारक का नाम लिखिए । [1×4]

   निधि लेखनी से पत्र लिखती है ।

   (*ii*) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सही है ?

   इस गाँव में घर-घर यही कहानी है ।

   **अथवा**

   इस गाँव के घर-घर में यही कहानी है ।

   (*iii*) निम्नलिखित किस वाक्य में अव्यय संबंधी दोष नहीं है ?

   केवल इसे ही दे दो ।

   **अथवा**

   मात्र दो रुपये में क्या मिलेगा ?

   (*iv*) निम्नलिखित वाक्य के रेखांकित अंश में कौन-सा कारक है ?

   तोता पिंजरे में बैठा हैं ।

3. (क) निम्नलिखित शब्दों के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए । [2]

   (*i*) मरीचि

   (*ii*) कौमुदी

   (*iii*) नियति

   (*iv*) फणीन्द्र

(ख) निम्नलिखित शब्दों के एक-एक विलोम शब्द लिखिए । [2]

*(i)* अकेला

*(ii)* उच्छिष्ट

*(iii)* भौतिक

*(iv)* निर्विकल्प

**4.** (क) निम्नलिखित शब्दों के एक-एक तत्सम शब्द लिखिए । [2]

*(i)* अंगरखा

*(ii)* संस्कृति

*(iii)* कौड़ी

*(iv)* खप्पर

(ख) निम्नलिखित शब्दों के एक-एक तद्भव रूप लिखिए । [2]

*(i)* मंडूक

*(ii)* लोचन

*(iii)* शृंखला

*(iv)* लक्षपति

**5.** (क) द्वन्द्व समास को परिभाषित करते हुए एक उदाहरण लिखिए । [2]

(ख) निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह करते हुए उनके नाम लिखिए । [2]

*(i)* जन्मांध

*(ii)* राजारानी

**6.** (क) स्वर संधि को परिभाषित करते हुए उसके कोई दो उदाहरण लिखिए । [2]

(ख) निम्नलिखित शब्दों का सन्धि विच्छेद करते हुए संधि का नाम लिखिए । [2]

*(i)* वाग्जाल

*(ii)* मनोहर

**7.** (क) निम्नलिखित उपसर्गों से एक-एक शब्द की रचना कीजिए । [2]

*(i)* अभि

*(ii)* परा

*(iii)* उप

*(iv)* अव

(ख) निम्नलिखित प्रत्ययों से एक-एक शब्द की रचना कीजिए । [2]

*(i)* आऊ

*(ii)* आलू

*(iii)* आहर

*(iv)* इया

**8.** निम्नलिखित समोच्चरित शब्द-युग्मों के अर्थ भेद स्पष्ट कीजिए । [4]

*(i)* प्रदीप - प्रतीप

*(ii)* तरणि - तरणी

*(iii)* श्वजन - स्वजन

*(iv)* सुत - सूत

**9.** निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक सार्थक शब्द लिखिए । [4]

*(i)* न बहुत ठंडा, न बहुत गर्म ।

*(ii)* जो क्षमा पाने लायक है ।

*(iii)* जो बाएँ हाथ से तीर चलाता है ।

*(iv)* जिसके मर्म (हृदय) को चोट पहुँची हो ।

**10.** (क) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए । [2]

*(i)* गढ्ढा

*(ii)* सीधा-साधा

*(iii)* महत्व

*(iv)* मान्यनीय

(ख) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए । [2]

*(i)* उसका पैर गरम आग पर पड़ गया ।

*(ii)* कालचक्र का पहिया निरंतर घूमता रहता है ।

**11.** (क) निम्नलिखित वाक्यों/वाक्यांशों में प्रयुक्त विराम चिह्नों के नाम लिखिए । [2]

*(i)* संसद के दो सदन हैं - राज्यसभा और लोकसभा ।

*(ii)* निम्नलिखित का परिचय दीजिए ।

(ख) निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों के अर्थ लिखिए । [2]

*(i)* गूलर का फूल होना

*(ii)* डकार जाना

*(iii)* आए थे हरिभजन को ओटन लगे कपास

*(iv)* ओछे की प्रीत बालू की भीत

**12.** (क) निम्नलिखित रचनाओं के लेखक का नाम लिखिए । [4]

*(i)* सुराज गीत

*(ii)* पड़ाव-5

*(iii)* दुखिया गरीब किसान

*(iv)* हंस

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । [4]

*(i)* 'महभारत म दुरपति' खंडकाव्य के रचनाकार का नाम लिखिए ।

*(ii)* 'धन बहार के छाँव म' कहानी संग्रह के रचनाकार का नाम लिखिए ।

*(iii)* नरेन्द्र कौशिक 'अमसेनवी' के किसी एक छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह का नाम लिखिए ।

*(iv)* 'डोकरी' के कहानी' बाल कहानियों के रचनाकार का क्या नाम है ?

**13.** (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

*(i)* ग्रियर्सन ने वीर गाथा काल को किस नाम से पुकारा ? [1]

*(ii)* हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन का सबसे पहला प्रयास एक फ्रेंच विद्वान का समझा जाता है, उनका नाम बताइये । [1]

*(iii)* आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने हिन्दी साहित्य के इतिहास को चार कालों में विभक्त किया, उनके नाम लिखिए । [2]

(ख) हिंदी साहित्य के युगों (कालों) के नामकरण पर सौ शब्दों में एक सारगर्भित टिप्पणी लिखिए । [4]

**14.** काव्यों में अनंत रूपों में प्रकृति हमारे सामने आती है कहीं मधुर, सुसज्जित या सुंदर रूप में; कहीं रुखे, बेडौल या कर्कश रूप में; कहीं भव्य, विशाल या विचित्र रूप में, और कहीं उग्र, कराल या भयंकर रूप में । सच्चे कवि का हृदय उसके उन सब रूपों में लीन होता है, क्योंकि उसके अनुराग का कारण अपना खास सुखभोग नहीं, बल्कि चिर साहचर्य द्वारा प्रतिष्ठित वासना है । जो केवल प्रफुल्ल प्रसून प्रसाद के सौरभ-संचार, मकरंदलोलुप मधुकर के गुंजार, कोकिल कूजित निकुंज और शीतल सुख स्पर्श समीर की ही चर्चा किया करते हैं, वे विषयी या भोगलिप्सु हैं । इसी प्रकार जो केवल मुक्त आभा में लीन, अत्यंत विशाल गिरि शिखर से गिरते जल प्रपात की गंभीर गति से उठी हुई सीकर नीहारिका के बीच विविध वर्ण स्फुरण की विशालता, भव्यता और विचित्रता में ही अपने हृदय के लिए कुछ पाते हैं वे तमाशाबीन हैं, सच्चे भावुक या सहृदय नहीं प्रकृति के साधारण, असाधारण सब प्रकार के रूपों को रखने वाले वर्णन हमें वाल्मीकि, कालिदास, भवभूति इत्यादि संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं । पिछले खेमें के कवियों ने मुक्तक रचना में तो अधिकतर प्राकृतिक वस्तुओं का अलग-अलग उल्लेख केवल उद्दीपन की दृष्टि से किया है । प्रबंध रचना में थोड़ा बहुत संश्लिष्ट चित्रण किया है वह प्रकृति की विशेष रूपविभूति को लेकर ही ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । [2]

(ख) गद्यांश का सारांश एक तिहाई में लिखिए । [6]

**15.** प्रस्तुत अपठित गद्यांश के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

तुलसीदास भारत के श्रेष्ठ भक्त कवि हैं । वे भक्ति आंदोलन के निर्माता हैं, वे उसी भक्ति आंदोलन की उपलब्धि हैं । उनके साहित्य का सामाजिक महत्व भक्ति आन्दोलन के सामाजिक महत्व पर निर्भर है, उससे पूरी तरह सम्बद्ध है ।

इस भक्ति आन्दोलन की पहली विशेषता यह है कि वह अखिल भारतीय है । देश और काल की दृष्टि से ऐसा व्यापक सांस्कृतिक आन्दोलन संसार में दूसरा नहीं है । ईसा की दूसरी शताब्दी में ही आंध्रप्रदेश में कृष्णोपासना के चिह्न पाये जाते हैं । गुप्त सम्राटों के युग में विष्णु नारायण-वासुदेव की उपासना ने अखिल भारतीय रूप ले लिया । पाँचवी शताब्दी से लेकर नवीं शताब्दी तक तमिलनाडु भक्ति आंदोलन का प्रमुख स्रोत रहा । आलवार संतों की कीर्ति सारे भारत में फैल गयी । कश्मीर में ललडेड, तमिलनाडु में आंदाल, बंगाल में चण्डीदास, गुजरात में नरसी मेहता-भारत के विभिन्न प्रदेशों में भक्तकवि लगभग डेढ़हजार वर्ष तक जनता के हृदय को अपनी अमृतवाणी से सींचते रहे ।

(क) भक्ति आन्दोलन की कोई एक विशेषता लिखिए । [1]

(ख) आन्ध्रप्रदेश में कृष्णोपासनां के संकेत कब से मिलते है ? [1]

(ग) पाँचवी से नवीं शताब्दी के बीच भक्ति आन्दोलन का प्रमुख केन्द्र कहाँ रहा था ? [1]

(घ) चण्डीदास का संबंध भारत के किस प्रान्त से रहा ? [1]

(ङ) रेखांकित पंक्ति की व्याख्या लगभग 100 शब्दों में लिखिए । [4]

16. (क) शासकीय पत्रों के कोई आठ प्रकार लिखिए । प्रेस–विज्ञाप्ति से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए । [4]

(ख) अधिसूचना से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट करते हुए इसका प्रारूप लिखिए । [4]

**नोट :** अभ्यर्थियों को अर्द्ध सरकारी पत्र व अधिसूचना लेखन में अपना नाम, अनुक्रमांक, शहर का नाम, पता आदि पहचान लिखना वर्जित है । (नाम के स्थान पर अ, ब, स या (A, B, C) एवं शहर के स्थान पर क, ख, ग (X, Y, Z) लिखें ।)

17. (क) टिप्पण–लेखन किसे कहते हैं ? टिप्पण लेखन की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए एवं प्रकार बताइए । [4]

(ख) प्रतिवेदन किसे कहते हैं ? प्रतिवेदन की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए । [4]

**नोट :** अभ्यर्थियों को टिप्पणी लेखन व प्रतिवेदन में कहीं भी अपना नाम, अनुक्रमांक, शहर का नाम, पता या अन्य पहचान चिह्न आदि लिखना वर्जित है । आवश्यक होने पर अ, ब, स या X, Y, Z आदि का प्रयोग करें ।

18. (क) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिंदी रूप लिखिए । [1×4]

*(i)* Remote sensing

*(ii)* Under Secretary

*(iii)* Gratuity

*(iv)* Attestation

(ख) निम्नलिखित हिंदी वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए । [1×4]

*(i)* यह प्रस्ताव बिलकुल नियमानुकूल है ।

*(ii)* मामला अब भी विचाराधीन है ।

*(iii)* कृपया पावती भेजिए ।

*(iv)* कार्यालय इसे सावधानी से नोट कर ले ।

## PART – 2

## GENERAL ENGLISH

**(Max. Marks : 50)**

1. Do as directed :

   *(i)* Rearrange the following structures to frame meaningful sentences : [2]

   *(a)* the/of/youth/growing rate/the/crime/of/concern/great/matter/among/is/a/ today.

   *(b)* greatest mysteries/the/bird life/migration/of/is/one of.

   *(ii)* Rewrite the following sentences after making necessary corrections : [4]

   *(a)* It is raining very heavily since last night.

   *(b)* Generally she hasn't headaches.

   *(c)* Either the cat or the dog have been there.

   *(d)* He has saved hard and now has little money.

   *(iii)* Complete the following sentences using appropriate form of verbs given in the brackets : [2]

   *(a)* I __________ (write) a letter when he came to my house.

   *(b)* The teacher assessed the projects which I ________ (prepare).

2. *(i)* Correct the spellings of the following words : [2]

   *(a)* possessun

   *(b)* acomodaton

   *(ii)* Use the following idioms in your own sentences to bring out their meaning : [2]

   *(a)* a chip off the old block.

   *(b)* a fair-weather friend.

   *(iii)* Write synonyms of the following words : [2]

   *(a)* dormant

   *(b)* exceptional

   *(iv)* Write antonyms of the following words : [2]

   *(a)* repel

   *(b)* prohibit

3. *(i)* Give one word for each of the following expressions : [2]

   *(a)* a decision that cannot be taken back.

   *(b)* the identification of a disease by its symptoms.

   *(ii)* Use the following phrasal verbs in sentences of your own. [2]

   *(a)* look up to

   *(b)* give in

[2]

4. (i) Change the voice :

(a) Why should I be suspected by you ?

(b) You must look into the matter.

[2]

(ii) Fill in the blanks with suitable prepositions :

(a) I will sit ________ my desk to do my lesson.

(b) He does not leave his house ________ 9 O'clock.

[2]

(iii) Fill in the blanks with suitable conjunctions :

(a) ________ she had given up novel writing, she was still fond of using her pen.

(b) No sooner had she arrived ________ the telegram came.

[2]

5. (i) Complete the following sentences using the proper article :

(a) Yesterday ________ European called at my office.

(b) He looks as stupid as ________ owl.

[2]

(ii) Fill in the blanks using the correct pronoun :

(a) ________ is doubtful whether he will come.

(b) Either the manager or his assistants failed in ________ duty.

(iii) Fill in the blanks using the most appropriate relative pronoun in the following sentences : [2]

(a) He was the most eloquent speaker ________ I ever heard.

(b) A triangle ________ three sides are equal is called an equilateral triangle.

[1]

6. (i) Fill in the blank space with "farther" or "further".

No ________ reasons were given.

[1]

(ii) Fill in the blank space with "nearest" or "next".

The burglar was taken to the ________ police station.

(iii) Rewrite the following sentences inserting the given adverbs (or adverb phrases) in their normal positions. [2]

(a) She goes to the cinema. (seldom)

(b) I have to reach the office (by 9.30, usually).

[2]

(iv) Use appropriate modals to complete the sentence :

(a) I ________ solve the problem. It was too difficult.

(b) It ________ rain tomorrow. (remote possibility)

7. Read the passage given below and answer in your own words the questions that follow : [6]

Agriculture has changed dramatically in the last few decades. Food and fibre productivity has increased due to new technologies, mechanisation and enhanced chemical use. Although these changes have had many positive effects and reduced many risks in farming, there has been many problems also. Prominent among these are top soil depletion, groundwater contamination, the decline of family farms, continued neglect of living and working conditions for farm labourers, increasing cost of production and the disintegration of economic and social conditions in rural communities.

To achieve sustainability in agriculture, we must meet the needs of the present. Stewardship of both natural and human resources is of prime importance. Stewardship of human resources include consideration of social responsibilities such as working and living condition of labourers, the needs of rural communities and consumer health and safety both in the present and the future. Stewardship of land and natural resources involves maintaining or enhancing this vital resource for the long term.

**Questions :**

(*i*) How has agriculture changed in the last few decades ?

(*ii*) What are the present day problems in farming ?

(*iii*) How can we achieve sustainability in agriculture ?

(*iv*) How can our human resources be protected in the long run ?

(*v*) What meaning can you deduce from the word "stewardship" as used by this author in this passage ?

(*vi*) Give an appropriate title to this passage.

8. Write a precis of the following passage in one-third of its original length and suggest a suitable title to it : [6]

Dangerous sports are often activities that people take part in exactly because there is an element of danger involved. The facts that these dangerous sports have killed a number of people does not prevent some people from trying them out.

Totality figures are hard to determine, as event organizers understandably do not wish bad publicity for the event. Nevertheless, there are a few sports that can claim to be the world's most dangerous sports. Although there is no official ranking, there are a few sports that pop up on the list time and again.

High up on the list of dangerous sports, literally, is base jumping. In this activity, the participant jumps from high buildings, bridges or the sides of cliffs. The purpose of base jumping is to wait as long as possible before eventually pulling the parachute chord. There is no safety net and no alternative means of stopping before you hit the ground. Figures estimate that around 15 people are killed each year due to base jumping. BASE jumpers have always leapt from the Golden Gate Bridge, the Eiffel tower and the empire state building. People who try this sport almost always end up getting arrested because it is illicit and some don't even live long enough to get incarcerated.

## भाग – 3

## छत्तीसगढ़ी भाषा

**(Max. Marks : 50)**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । [5]

(अ) निम्नलिखित हिंदी शब्दों/अभिव्यक्तियों के छत्तीसगढ़ी समानार्थी शब्द लिखिए ।

(*i*) वानर

(*ii*) लंगड़ा

(*iii*) पहाड़ी/छोटा जंगल

(*iv*) गिलहरी

(*v*) हलषष्ठी

(आ) छत्तीसगढ़ी शब्दों/अभिव्यक्तियों के लिए हिन्दी समानार्थी शब्द लिखिए । [5]

(*i*) नानकुन

(*ii*) जुच्छा

(*iii*) फइरका (फरिका)

(*iv*) जहूँरिया

(*v*) खोपा

(इ) (*i*) छत्तीसगढ़ी बोली, व्याकरण और कोश के रचनाकार कौन हैं ? [2]

(*ii*) भारतीय भाषा लोक सर्वेक्षण के अन्तर्गत 'छत्तीसगढ़ की भाषाएँ' खंड के संपादक कौन हैं ?

2. (अ) निम्नलिखित पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग बनाइए । [2]

(*i*) दुलरवा

(*ii*) करिया

(आ) किन्हीं दो दिशावाचक क्रिया विशेषणों के नाम लिखिये । [2]

(इ) व्याकरणिक दृष्टि से 'बर' का प्रयोग किस कारक में होता है ? वाक्य में प्रयोग कीजिए । [2]

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । [10]

(अ) 'ते पढ़बे' वाक्य में काल और पुरुष की पहचान कीजिए ।

(आ) 'गाय कोठा' का समास-विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

(इ) 'पँचहर' शब्द का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ई) 'एक ठन हर्रा गाँव भर खोखी' का आशय लिखिए ।

(उ) 'सुरहुत्ती' पत्रिका के प्रकाशक का नाम बताइए ।

4. निम्नलिखित हिन्दी वाक्यों को छत्तीसगढ़ी में लिखिए । [8]

(*i*) वे जा रहे हैं ।

(*ii*) तुम लिख चुके थे ।

(*iii*) वह अधिकारी 'विशेष ड्यूटी' पर नियुक्त किया गया है ।

(*iv*) क्या यह मामला न्यायिक जांच का है ?

5. निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी मुहावरों/हाना का हिंदी आशय स्पष्ट कीजिए । [5]

(*i*) नंदिया बैला होना

(*ii*) जागे जागे सुतना

(*iii*) दँईहा नइ खुँदना

(*iv*) केरा पान कस डोलना

(*v*) पहार में चारा चरे अऊ चट्टान मं पानी पिये ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । [5]

(*i*) 'कौशल्या के कोसला' छत्तीसगढ़ी महाकाव्य की रचना किसने की ?

(*ii*) छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के 'महिला सशक्तिकरण, विधिक साक्षरता एवं जनजागरण अभियान' के अन्तर्गत 2013 में प्रकाशित 'मितानीन' में किस छत्तीसगढ़ी कवयित्री की कविताओं को शामिल किया गया है ?

(*iii*) 'तुलसी के बिरवा जगाय' के रचनाकार का नाम लिखें ।

(*iv*) 'शिवायन' किस कवि की रचना है ?

(*v*) 'गँवई के गीत' छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह के कवि कौन है ?

7. 'उत्तरी छत्तीसगढ़ी' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । [2]

8. छत्तीसगढ़ी की उप बोलियों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । [2]

---